उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 27 भाद्रपद, शक संवत्, 1935

( दिनांक : 18 सितम्बर, 2013 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी "क")।

2. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "ख")

3. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी "ग")।

4. निधन के निदेश।

5. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) अध्यादेश, 2013 को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड आकस्मिकता निधि (संशोधन) अध्यादेश, 2013 को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य अनुसूचित जाति उपयोजना और जनजाति उपयोजना (नियोजन, धनावंटन तथा उपयोग) अध्यादेश, 2013 को सदन के पटल पर रखेंगे।

8. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151(2) के अधीन भारत के नियंत्रक - महालेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के 31 मार्च, 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए "राज्य के वित्त पर भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन" एवं 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए "भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन (प्रतिवेदन संख्या- 1)" तथा 31 मार्च, 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए "जिला नैनीताल पर भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन (प्रतिवेदन संख्या- 2)" को सदन के पटल पर रखेंगे।

9. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 की धारा 12 की उपधारा (7) के अनुसार लोक आयुक्त उत्तराखण्ड के वर्ष 2011 का प्रतिवेदन, स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

10. वित्तमंत्री, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम, 1984 की धारा 8(3) के अन्तर्गत स्थानीय निधि लेखा परीक्षा एवं सहकारी समितियां एवं पंचायतें, वित्तीय वर्ष 2011-12 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

11. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 323(2) के अधीन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के एकादश वार्षिक प्रतिवेदन (दिनांक 1 अप्रैल, 2011 से 31 मार्च, 2012 तक) सदन के पटल पर रखेंगे।

12. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 104 (4) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के वर्ष 2011-12 का वार्षिक लेखा विवरण को सदन के पटल पर रखेंगे।

13. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

(1) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 25 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का चौदहवां अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र (पर्यटन का नियोजित विकास और उन्नयन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का सोलहवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड विविध अधिनियम विधिमान्यकरण विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का अठ्ठारहवां अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

(7) भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का बीसवां अधिनियम बन गया।

(8) उत्तराखण्ड चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और सेवा संस्था (हिंसा और सम्पत्ति की क्षति का निवारण) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का इक्कीसवां अधिनियम बन गया।

(9) उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का बाईसवां अधिनियम बन गया।

(10) उत्तराखण्ड लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का तेईसवां अधिनियम बन गया।

(11) उत्तराखण्ड जल प्रबन्धन और नियामक विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 04 अप्रैल 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का चौबीसवां अधिनियम बन गया।

(12) उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास (संशोधन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 04 अप्रैल 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का पच्चीसवां अधिनियम बन गया।

(13) उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2013 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2013 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 अप्रैल 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का छब्बीसवां अधिनियम बन गया।

14. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

15. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल मोष्टामानू में निर्माणाधीन बेस चिकित्सालय के रोके गये निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कराये जाने के संबंध में" श्री लीलाम्बर गुरूरानी निवासी- ग्राम रतवाली पो0 नाकोट जनपद पिथौरागढ़ एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री अजय टम्टा, सदस्य, विधान सभा " जनपद अल्मोड़ा के सोमेश्वर विकास खण्ड हवालबाग के कारगिल शहीद मोहन सिंह मोटर मार्ग को ग्राम पंचायत खड़ाऊं से मुख्य मोटर मार्ग बसौली तक जोड़े जाने के संबंध में" श्री बलवन्त सिंह बिष्ट, प्रधान, ग्राम पंचायत खड़ाऊं, विकास खण्ड ताकुला, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा अम्बाड़ी के ग्राम बाड़वाला, राजावाला में पेयजल नलकूप की स्वीकृति के संबंध में" श्री मदनपाल सिंह, निवासी- ग्राम सभा आम्बाड़ी, विकास खण्ड विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर ग्राम पृथ्वीपुर (अनुसूचित ग्राम बहादुरगढ़) की कृषि भूमि की सिंचाई हेतु सिंचाई नलकूप लगाये जाने के संबंध में" श्री कुंवरपाल सिंह, निवासी- ग्राम पृथ्वीपुर, ग्राम सभा पृथ्वीपुर, विकास खण्ड विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा मेहूवाला खालसा में कृषि भूमि की सिंचाई हेतु सिंचाई नलकूप लगाये जाने के संबंध में" श्री आशाराम, निवासी- ग्राम सभा मेहूवाला खालसा, विकास खण्ड विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर के ग्राम सभा बड़वा में कृषि भूमि के लिए सिंचाई नलकूप लगाने के संबंध में" श्री कुंवर सिंह, निवासी- ग्राम बड़वा, विकास खण्ड विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर के ग्राम सभा अम्बाड़ी के ग्राम डूमेट में कृषि भूमि की सिंचाई के लिए सिंचाई नलकूप के निर्माण किये जाने के संबंध में'' श्री अतर सिंह, निवासी– ग्राम सभा अम्बाड़ी, विकास खण्ड विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री राजेश शुक्ला, सदस्य, विधान सभा ''जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड रूद्रपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा भमरौला के रामनगर में कन्या जूनियर हाई स्कूल रामनगर का उच्चीकरण कराये जाने के संबंध में'' श्री स्वामीनाथ चतुर्वेदी, निवासी– रामनगर, पो0 कावड़ा, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद पौड़ी गढ़वाल के पट्टी बिचला ढांगू, मल्ला ढांगू एवं तल्ला ढांगू व डबरालस्यूं विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में राजकीय महाविद्यालय खोले जाने के संबंध में'' श्री भगवती प्रसाद जुयाल, निवासी– ग्राम नैरूल, पो0 सिलोगी, जनपद पौड़ी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के लक्ष्मण झूला, कांडी दुगड्डा 112 कि0मी0 क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग के डामरीकरण के संबंध में'' श्री सत्य प्रसाद काला, निवासी– ग्राम पोस्ट गूम (पौखाल), जनपद पौड़ी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

26. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

27. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

28. परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

29. परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

30. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-''घ'')

31. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

32. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
अपर सचिव।

देहरादून :
दिनांक : 18 सितम्बर, 2013

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र-ज्योत्सना-पुलकित-यामिनीम्

फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

द्वितीय सत्र, 2013
का प्रथम बुधवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### बुधवार, 27 भाद्रपद, शक संवत्, 1935

### ( दिनांक : 18 सितम्बर, 2013 )

## नत्थी "ख"

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>04.09.2013 | **क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर एवं हरिद्वार में अत्यधिक जलभराव के कारण जिन किसानों की गन्ने की फसल नष्ट हो गयी है उनके मुआवजे के भुगतान हेतु सरकार कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना |

# नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री विकम सिंह नेगी 10.05.2013 श्री दलीप सिंह रावत 30.05.2013 | *1. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि उत्तर प्रदेश से विभाजित उत्तराखण्ड राज्य में 1962 के पश्चात अभी तक भूमि बन्दोबस्त नहीं हुआ है ? क्या सरकार भूमि बन्दोबस्त हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक भूमि का बन्दोबस्त किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री विकम सिंह नेगी 10.05.2013 | *2. **न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में सिंचाई विभाग की 100 एकड़ भूमि पर सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश अपना हक मांगता है और टिहरी बांध की बिजली उत्पादन से 75 प्रतिशत का राजस्व केन्द्र सरकार तथा 25 प्रतिशत उत्तर प्रदेश सरकार को जाता है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि टिहरी बांध बनने के कारण विस्थापित हुए विस्थापितों के लिए वर्तमान में भूमि उपलब्ध नहीं है ? क्या सरकार द्वारा उक्त भूमि को बांध विस्थापितों को आवंटित किया जा सकता है ? यदि हां, तो सरकार उक्त भूमि को टिहरी बांध विस्थापितों को आवंटित किये जाने हेतु कार्यवाही करेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री विकम सिंह नेगी 10.05.2013 | *3. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर में रसोई गैस की अत्यंत समस्या है तथा यहां पर घनसाली विकास खण्ड भिलंगना से गैस वितरित की जाती है जिस कारण क्षेत्रवासियों को रसोई गैस की समस्या का सामना करना पड़ता है ? यदि हां तो क्या सरकार इस क्षेत्र में गैस एजेंसी खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री ललित फर्स्वाण 13.05.2013 | *4. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर में खड़िया लीज धारकों द्वारा राज्य सरकार व वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर रोप वे का निर्माण किया है ? क्या मंत्री जी अवगत है कि अवैध अतिक्रमण से राज्य सरकार को राजस्व हानि हो रही है ? यदि हां, तो क्या इस संबंध में संबंधित लीज धारक व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही अमल में लायी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 14.05.2013 | *5. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013 के फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह में हुई भारी बारिश एवं हिमपात से प्रदेश के अधिकांश कृषि क्षेत्रों में मटर एवं सीजनल सब्जियों सहित अन्य फसलों को हुई भारी क्षति की क्षतिपूर्ति हेतु किसानों को मुआवजा दिये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी 15.05.2013 | *6. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में स्टेडियम बनाये जाने हेतु अनकों प्रयासों के बावजूद भी स्टेडियम न बनाये जाने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार सीमान्त क्षेत्र खटीमा में स्टेडियम बनाये जाने हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री ललित फर्स्वाण 15.05.2013 | *7. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार पर्वतीय जनपदों में भौगोलिक स्थिति के मद्देनजर सरकारी सस्ते गल्ले के लाइसेंस के मानकों में शिथिलता प्रदान करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक इस संबंध में शासनादेश जारी किये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री विशन सिंह चुफाल 16.05.2013 | *8. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में डीडीहाट, रानीखेत, कोटद्वार एवं यमुनोत्री चार जिलों को सह स्वीकृति दी गई है ? यदि हां, तो ये जिले कब तक अस्तित्व में आयेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री विशन सिंह चुफाल 17.05.2013 | *9. क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला योजना के अन्तर्गत वर्ष 2012–13 में जनपदवार कितनी धनराशि स्वीकृत है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है तथा कितनी धनराशि खर्च हुई है ? | नियोजन |
| श्री मदन कौशिक 22.05.2013 | *10. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में खेलों के समुचित विकास एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु सरकार द्वारा खेल नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो परिणाम क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 21.06.2013 | *11. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस पर वर्ष भर में छः सिलेंडर के बाद सब्सिडी समाप्ति से प्रदेशवासियों को प्रदेश सरकार की ओर से कोई और राहत देने की योजना है ? यदि हां, तो कितने सिलेंडर तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री संजय गुप्ता 03.06.2013 | *12. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तहसील व जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत ग्राम बिशनपुर झरड़ा में गंगा नदी पर बांध बनाकर बाण गंगा का उद्गम क्यों बंद किया गया ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि बाण गंगा के बंद होने से संबंधित क्षेत्र के भूगर्भ जल स्तर में कितनी गिरावट आयी है ? | सिंचाई |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 05.06.2013 | *13. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में कैरोसीन तेल की आपूर्ति बहुत कम मात्रा में हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार कैरोसीन तेल की निर्धारित मात्रा में निश्चित समय पर आपूर्ति कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री ललित फर्स्वाण 10.06.2013 | *14. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय जनपदों की जनता के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न उठाने से पूर्व इस बात की पुष्टि की जाती है कि अनाज खाने लायक है ? यदि हां, तो पर्वतीय क्षेत्रों में सड़ा खाद्यान्न वितरित किए जाने के क्या कारण हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री राजेश शुक्ला 10.06.2013 | *15. | क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के तहसील किच्छा के रूद्रपुर विकास खण्ड में स्थित सिंचाई नहरों की पट्‌टी पर लाइनिंग (पक्का करण) का कार्य धनाभाव में विभाग नहीं करा पा रहा है ? क्या सरकार उक्त नहरों के टॉल तक स्थित किसानों को सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने के लिए इन नहरों के पक्काकरण (लाइनिंग) कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री भीमलाल आर्य 11.06.2013 | *16. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में टिहरी बांध (डैम) के ऊपर निर्मित सड़क पर जनसामान्य को आवागमन की सुविध प्रदान किये जाने हेतु भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो उक्त सुविधा कब तक प्रदान की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री भीमलाल आर्य 17.06.2013 | *17. | **स्थगित।** क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के सीमान्त जनसंख्या एवं क्षेत्र की दृष्टि से सबसे बड़े विकास खण्ड– भिलंगना का पुनर्गठन कर जनहित तथा विकास हित में नवीन बाल गंगा विकास खण्ड का सृजन किये जाने हेतु सरकार कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री दान सिंह भण्डारी 17.06.2013 | *18. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत सिंचाई विभाग की लगभग 12 नहरें बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं जिसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन नहरों को ठीक करने के लिए धन उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री तीरथ सिंह रावत 26.06.2013 | *19. | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 15–16–17 जून, 2013 को भीषण दैवी आपदा से प्रदेश में कहां–कहां क्षति हुई है एवं कितनी जन व पशु हानि हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि आपदा प्रबन्धन की क्या व्यवस्था हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री तीरथ सिंह रावत 26.06.2013<br>श्री हरभजन सिंह चीमा 23.08.2013<br>श्री हरबंस कपूर 08.07.2013<br>श्रीमती विजय बड़थ्वाल 05.07.2013 | *20. | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में दैवीय आपदा की त्रासदी किस तिथि को घटित हुई तथा उस दिन कितने यात्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री व गंगोत्री में थे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि केदारनाथ के आस–पास कितने लोग लापता हैं एवं कितने लोग मलबे में दबे हुए हैं व कितने बाढ़ में बह गये ? | आपदा प्रबन्धन |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>13.05.2013 | 1. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2012–13 में विभाग द्वारा प्रदेश में कितनी बाढ़ सुरक्षा योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा उनकी लागत क्या है और इन स्वीकृत योजनाओं का जनपदवार विवरण क्या है ? | सिंचाई |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>16.05.2013 | 2. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में ग्राम बथौली हेतु प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की गई है ? यदि हां, तो कब ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सड़क निर्माण हेतु पहाड़ कटान किन कारणों से नहीं किया जा रहा है ? | ग्राम्य विकास |
| श्री नवप्रभात<br>17.05.2013 | 3. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि "गैर राजस्व ग्राम" की परिभाषा क्या है एवं प्रदेश में गैर राजस्व ग्राम घोषित करने के क्या मानक हैं ? | राजस्व |
| श्री नवप्रभात<br>17.05.2013 | 4. | **स्थगित।**<br>क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नये विकास खण्ड सृजित करने के क्या मानक हैं ? नये विकास खण्ड के सृजन के लिये योजना आयोग भारत सरकार की पूर्व अनुमति आवश्यक है ? यदि हां, तो योजना आयोग के दिशा निर्देश क्या हैं तथा विकास खण्ड के अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं कार्यालय संचालन का खर्च किसके द्वारा वहन किया जाता है ? क्या योजना आयोग भारत सरकार विकास खण्ड को कोई सीधी सहायता देता है ? | पंचायती राज |
| श्री नवप्रभात<br>17.05.2013 | 5. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासनगर ब्लाक में रूद्रपुर लिफ्ट सिंचाई योजना स्वीकृत की गयी थी ? यदि हां, तो इसकी स्वीकृत लागत क्या थी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस सिंचाई योजना का कितना सींच क्षेत्र निर्धारित किया गया एवं यह योजना किस जल स्रोत पर आधारित है तथा इस जल स्रोत में ग्रीष्म तथा शीत काल में औसत जल उपलब्धता क्या है ? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>17.05.2013 | 6. | क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र के ग्राम भिनै में 2009–2010 से प्रस्तावित सिंचाई योजना स्वीकृति हेतु लम्बित पड़ी है ? यदि हां, तो क्या किसानों के हित में सरकार लम्बित योजना का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>17.05.2013 | 7. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि भारत सरकार द्वारा "मनरेगा" के तहत सभी कार्य करने के इच्छुक लोगों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने की सुविधा दी गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विकास खण्डों द्वारा 2011–12 व 2012–13 हेतु कितनी धनराशि की योजनओं के प्रस्ताव भेजे गये और कितनी धनराशि स्वीकृत की गई ? क्या सरकार मांग के अनुसार सभी जॉब कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्ध करा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>21.05.2013 | 8. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की तहसील एवं विकास खण्ड विकासनगर में लांघा मटोगी मोटर मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत हुआ था ? यदि हां, तो किस वर्ष में ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उस समय के प्रधानमंत्री सड़क योजना प्रावधानों में सड़क निर्माण तथा रख रखाव के क्या निर्देश थे ? क्या इस सड़क के डामरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>21.05.2013 | 9. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या सरकार उक्त का जिलेवार पूर्ण विवरण देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री प्रेम सिंह राणा<br>22.05.2013 | 10. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र मे स्पोर्टस कालेज की स्थापना किए जाने का प्रकरण विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक उक्त स्पोर्टस कालेज की स्थापना कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |
| श्री मदन कौशिक<br>22.05.2013 | 11. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितनी नहरें पूर्ण रूप से बंद हैं ? क्या सरकार उक्त नहरों को पुनः चालू करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री मदन कौशिक<br>22.05.2013 | 12. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितने पंजीकृत/गैर पंजीकृत एन0जी0ओ0 कार्यरत हैं ? क्या यह सत्य है कि कार्यरत गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सरकारी धन के दुरूपयोग की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां, तो अभी तक कितनों के खिलाफ कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नियोजन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>23.05.2013 | 13. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में राज्य निर्माण के बाद से आज तक भी कोई भी आधुनिक सुविधा युक्त स्टेडियम नही बना है ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रत्येक विधान सभा क्षेत्रवार कम से कम एक आधुनिक सुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>24.05.2013 | 14. क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या सरकार उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **खेल एवं युवा कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 27.05.2013 | 15. **प्रथम मंगलवार के अता0 65 में स्थाना0** क्या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या सरकार उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 27.05.2013 | 16. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या सरकार उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 27.05.2013 | 17. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत सल्ट विधान सभा क्षेत्र के स्याल्दे ब्लाक में कैहड़गांव–गुनसीड़ा नहर वर्ष 2010 से क्षतिग्रस्त है जिस कारण नहर का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है ? क्या सरकार शीघ्र उक्त सिंचाई नहर की मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 28.05.2013 | 18. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या मंत्री जी उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 28.05.2013 | 19. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या मंत्री जी उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री नवप्रभात 28.05.2013 | 20. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में उदियाबाग नाले पर बनी बेलावाला की नहर तथा पैदल मार्ग दैविक आपदा से क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो इस नहर तथा मार्ग को पुनः बनाने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ? | **सिंचाई** |
| श्री नवप्रभात 28.05.2013 | 21. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून का बाड़वाला जुड्डो मार्ग दैविक आपदा से क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो मार्ग की मरम्मत कराकर इसे भारी वाहनों के संचालन के लिये उपयुक्त बनाने हेतु क्या कार्यवाही की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन कब तक सुचारू हो जायेगा ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात 29.05.2013 | 22. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की सिंचाई पाईपलाईन योजना डुंगेली–किनारखली–पडियारना दैविक आपदा से क्षतिग्रस्त हुई है ? यदि हां, तो इस सिंचाई योजना से सुचारू रूप से सिंचाई उपलब्ध कराने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ? | सिंचाई |
| श्री दलीप सिंह रावत 30.05.2013 | 23. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत तहसील कोटद्वार के पट्टी हल्दूखाता, सुखरौ, सनेह में राजस्व विभाग उत्तराखण्ड सरकार की कितनी भूमि है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त भूमि पर अवैध कब्जा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उसको कब्जामुक्त करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री नवप्रभात 30.05.2013 | 24. **विस्तीर्णता एवं अनेक विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सर्वेक्षण में चिन्हित न होने वाले पंजीकृत एन0जी0ओ0 के विषय में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी ? क्या जनपद पौड़ी तथा अल्मोड़ा में भी सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार ने यह आंकलन भी किया है कि राज्य में जो एन0जी0ओ0 कार्य कर रहे हैं उन्हे कहां–कहां से वित्त पोषण प्राप्त होता है तथा ऐसे एन0जी0ओ0 जो सर्वेक्षण में चिन्हित नहीं हो पाए को राज्य सरकार से प्राप्त वित्त पोषण का विवरण क्या है ? | नियोजन |
| श्री संजय गुप्ता 03.06.2013 | 25. **चतुर्थ सोमवार का अता0 32 में स्थाना0**<br>क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार की सोलानी नदी की सिल्ट की विगत 15–20 वर्षो से सफाई नहीं की गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार सफाई कराने पर विचार करेगी ? | |
| श्री राजेश शुक्ला 06.06.2013 | 26. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि किच्छा जिला ऊधमसिंहनगर स्थित तहसील भवन अंग्रेजों के समय से जर्जर एवं जीर्ण शीर्ण स्थिति में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवन के स्थान पर तहसील एवं परगनाधिकारी कार्यालय, आवास आदि बनाने पर कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 06.06.2013 | 27. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के समस्त विकासखण्डों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड वार कितने जॉब कार्ड धरी परिवार हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सभी परिवारों को सौ दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया गया है ? यदि हां, तो कितने परिवारों को सौ–सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराया गया है ? क्या सभी जॉब कार्ड धारक परिवारों को शासनादेश के अनुसार निर्धारित समय अवधि में मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री ललित फर्स्वाण 06.06.2013 | 28. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि बागेश्वर जनपद में आयी आपदा से हुये नुकसान के पुनर्निमार्ण व क्षतिपूर्ति हेतु जिला प्रशासन द्वारा शासन को प्रेषित 42 करोड़ रूपये की धनराशि के प्रस्तावों के सापेक्ष जनपद को मात्र 6 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है ? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर को प्रस्तावित धनराशि कब तक आवंटित की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 07.06.2013 | 29. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मन्दाल नदी पर 2010 में आई आपदा से प्रभावित परिवारों जिनके खेत खलियान बह गये थे को कितनी सहायता राशि दी गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त बाढ के कारण क्षतिग्रस्त एवं बह गये पुलों के निर्माण हेतु समुचित राशि आवंटित की गई ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री दलीप सिंह रावत 10.06.2013 | 30. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने गांव भूस्खलन से प्रभावित हैं ? क्या सरकार ग्राम पलिगांव विकास खण्ड जयहरीखाल के विस्थापन हेतु कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री राजेश शुक्ला 10.06.2013 | 31. क्या लघु सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर की तराई में स्थित आर्टीजन वैल (पाताल कुआं) गिरते जल स्तर के कारण सूख गये हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ऊधमसिंहनगर में कुल कितने आर्टीजन वैल है तथा इनमें से कितने पानी दे रहे हैं तथा कितने सूख गये हैं ? क्या सरकार सूख गये आर्टीजन वैल पर निर्भर किसानों के लिए विभाग वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराने की कार्यवाही कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लघु सिंचाई |
| श्री राजेश शुक्ला 11.06.2013 | 32. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में तहसील वार कितने पटवारी सर्किल सृजित हैं तथा प्रत्येक तहसील पर कुल सृजित पटवारी सर्किल के सापेक्ष कितने पटवारी तैनात है ? क्या सरकार उक्त पटवारियों की कमी को दूर करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गये तथा उसके परिणाम क्या हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री राजेश शुक्ला 11.06.2013 | 33. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जिला ऊधमसिंहनगर की किच्छा परगना के परगनाधिकारी अपने कार्यालय सहित रूद्रपुर में बैठते हैं ? यदि हां तो क्या सरकार किच्छा की जनता की मांग के अनुरूप किच्छा के एस0डी0एम0 को रूद्रपुर से किच्छा भेजने एवं किच्छा में परगनाधिकारी कार्यालय स्थापित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री गणेश जोशी 11.06.2013 | 34. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 20 जुलाई, 2012 को राज्य अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास निगम के देहरादून स्थित नवनिर्मित मुख्यालय भवन के शुभारम्भ के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा आई0टी0पार्क के निकट नवनिर्मित राजीवगांधी क्रीड़ा मैदान के विस्तार एवं सुधारीकरण की घोषणा की गयी थी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप कार्य शुरू कर लिया गया है ? यदि हां, तो कितना कार्य हो चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री ललित फर्स्वाण 11.06.2013 | 35. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में संयुक्त परिवारों से अलग हो रहे परिवारों को राशन कार्ड जारी नहीं हो रहे हैं ? यदि हां, तो इस संबंध में सरकार क्या कदम उठा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>12.06.2013 | 36. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के सभी जिलों के ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालयों में परियोजना निदेशक, अपर परियोजना निदेशक, सहायक परियोजना निदेशक तथा डी0आर0डी0ए0 के समस्त कर्मचारियों को भारत सरकार ने राज्यों को 1999 में निर्देशित किया था कि डी0आर0डी0ए0 के समस्त कर्मचारियों का समायोजन रेखीय विभाग में किया जायेगा ? यदि हां, तो क्या सरकार परियोजना निदेशक, अपर परियोजना निदेशक सहायक परियोजना निदेशक की भांति डी0आर0डी0ए0 के समस्त कर्मचारियों को रेखीय विभाग में समायोजित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>12.06.2013 | 37. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों का विस्तार किये जाने व डामरीकरण करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में प्रधानमंत्री सड़क योजना से निर्मित सड़कों की क्या प्रगति है तथा किन–किन सड़कों पर कार्य किया जाना है ? | ग्राम्य विकास |
| श्री अजय टम्टा<br>13.06.2013 | 38. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत कंडारखुवा पट्टी न्याय पंचायत अलमीया काण्डे विकासखण्ड ताड़ीखेत जिला अल्मोड़ा में गैस आपूर्ति कब से की जा रही है व कहां से की जा रही है ? क्या सरकार इन उपभोक्तओं को अल्मोड़ा से गैस आपूर्ति करने के लिए विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल<br>14.06.2013 | 39. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के बापूग्राम को राजस्व ग्राम घोषित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? | राजस्व |
| श्री गणेश जोशी<br>14.06.2013 | 40. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी में अवस्थित भिलाड़ू खेल मैदान को राजकीय स्टेडियम बनाये जाने का कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है ? यदि हां तो क्या सरकार उपरोक्त खेल मैदान के विस्तारीकरण के लिए कोई योजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री गणेश जोशी<br>14.06.2013 | 41. **स्थगित।**<br>क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत कैंट क्षेत्र वासियों को राज्य सरकार की जेएनयूआरएम, बीपीएल कार्ड आदि योजनओं का लाभ नहीं मिलता है ? यदि हां, तो क्या सरकार कैंटवासियों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनओं का लाभ दिलाने के लिए विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>17.06.2013 | 42. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश में पशुलोक, असेना, डोबरा (विस्थापित क्षेत्र) को राजस्व ग्राम घोषित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो सरकार कितने वर्ष के अन्दर राजस्व ग्राम घोषित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 17.06.2013 | 43. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्टेडियम/मिनी स्टेडियम बनाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री भीमलाल आर्य 17.06.2013 | 44. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली की सीमान्त, जनसंख्या एवं क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ी तहसील–घनसाली का पुनर्गठन कर व्यापक जनहित में नवीन बालगंगा तहसील का सृजन करने पर सरकार कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 18.06.2013 | 45. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश नगरीय क्षेत्र की भांति ग्रामीण क्षेत्रों में भी मौहल्ला स्वच्छता समिति के माध्यम से सफाई व्यवस्था कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | पंचायती राज |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 18.06.2013 | 46. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश में जनता को रसोई गैस की कमी की समस्या के निवारण हेतु रसोई गैस का कोटा बढ़ाया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री दलीप सिंह रावत 18.06.2013 | 47. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बी0पी0एल0/ए0पी0एल0 कार्ड धारकों को प्रतिमाह प्रतिव्यक्ति कितना राशन वितरित किया जा रहा है ? क्या उक्त राशन की मात्रा बढ़ाई जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री दलीप सिंह रावत 18.06.2013 | 48. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत उपभोक्ताओं तक गैस सिलेन्डर पहुंचाने हेतु नये वितरण स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 18.06.2013 | 49. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के जिन क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा नहीं है उन क्षेत्रों में नलकूप लगाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो नलकूप कब तक लगाये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 18.06.2013 | 50. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा शंकरपुर में सिंचाई हेतु नलकूप निर्माण प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक नलकूप लगा दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री दलीप सिंह रावत 20.06.2013 | 51. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लेखपालों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार खाली पदों पर नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |

श्री भीमलाल आर्य
20.06.2013

52. **अनेक विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त।** — नियोजन

क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में पलायन रोकने हेतु कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री भीमलाल आर्य
20.06.2013

53. **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।** — सिंचाई

क्या सिंचाई बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में स्थित विश्व प्रसिद्ध टिहरी गढ़वाल बांध परियोजना की झील का नामकरण अमर शहीद श्री देव सुमन जी के नाम से किये जाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक विश्व प्रसिद्ध बांध परियोजना की झील का नाम अमर शहीद श्री देव सुमन जी के नाम से किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
20.06.2013

54. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में खेल विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? यदि हां, तो क्या भूमि चयन कर ली गयी है तथा निर्माण की प्रकिया कब तक प्रारम्भ कर ली जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? — खेल

श्री राजेश शुक्ला
20.06.2013

55. क्या दैवीय आपदा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इस वर्ष जून माह में हुई अत्यधिक वर्षा के कारण जनपद रूद्रपुर के अन्तर्गत किच्छा क्षेत्र में दैवीय आपदा से हुए नुकसान की सरकार के पास कोई सूचना है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि किच्छा तहसील में कहां और क्या क्षति हुई है तथा सरकार इसके लिए कितना धन कब तक देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? — आपदा प्रबन्धन

श्री भीमलाल आर्य
21.06.2013

56. क्या खाद्य आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के चमियाला में गैस गोदाम खोलने हेतु सरकार कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक इन्डेन गैस गोदाम (एजेन्सी) खोली जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? — खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

श्री राजेश शुक्ला
21.06.2013

57. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर में नये राशनकार्ड बनाने पर रोक लगाई गई है ? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि संयुक्त परिवारों के विभाजन के पश्चात् राशन कार्ड जारी करने की नीति अब बंद कर दी गई है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो फिर परिवारों के विभाजन के बाद नये परिवार को राशन कार्ड क्यों नहीं जारी किये जा रहे हैं ? — खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

श्री राजेश शुक्ला
21.06.2013

58. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि राज्य के विभिन्न जिलों में बिल्डरों द्वारा अवैध रूप से आवासीय कालोनियों का निर्माण किये जाने से कृषि भूमि की निरन्तर कमी हो रही है ? यदि हां, तो सरकार इसे रोकने के लिये क्या कार्यवाही कर रही है ? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि किच्छा तहसील क्षेत्र में उत्तर प्रदेश जमींदारी भूमि विनाश अधिनियम की धारा 143 (लैण्ड यूज चेंज) कराकर कुल कितनी आवासीय कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है ? क्या बिना भूमि परिवर्तन कराये अवैध रूप से कालोनी बना रहे बिल्डरों के विरूद्ध सरकार कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? — राजस्व

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री भीम लाल आर्य<br>24.06.2013 | 59. | **द्वितीय मंगलवार के अता0 12 में स्थाना0**<br>क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली ऋषिकेश घनसाली रेलवे लाईन/मार्ग का निर्माण कराये जाने हेतु सरकार ने केन्द्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया है ? यदि हां, तो कब तक ऋषिकेश–घनसाली के रेलवे लाईन का निर्माण प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नियोजन |
| श्री चन्दन राम दास<br>24.06.2013 | 60. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत बागेश्वर विधान सभा क्षेत्र में कितनी सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत आती है तथा इसमें डामरीकरण भूमि नामांतर की क्या कार्यवाही चल रही है ? क्या मंत्री जी उपरोक्त का पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? | ग्राम्य विकास |
| श्री चन्दन राम दास<br>24.06.2013 | 61. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर की काफलीगैर (काठपुड़िया) उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा दिए जाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>25.06.2013 | 62. | क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत ऋषिकेश स्थित तहसील कालोनी में सन् 2003 में बनी सीवर लाईन व गटर तब से ही चोक (बन्द) हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार कालोनीवासियों को इस परेशानी से निजात दिलाने हेतु विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री राजेश शुक्ला<br>25.06.2013 | 63. | क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने विकास खण्ड हैं तथा विकास खण्डवार कुल कितने ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के पद सृजित हैं तथा प्रत्येक विकास खण्ड में कुल ग्राम्य पंचायत विकास अधिकारियों के पदों के सापेक्ष प्रत्येक विकास खण्ड में कुल कितने ग्राम्य पंचायत विकास अधिकारी नियुक्त हैं ? सरकार रिक्त पदों के सापेक्ष ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की नियुक्ति कब तक करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री चन्दन राम दास<br>25.06.2013 | 64. | क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जिला खेल एवं जिला उप कीड़ा अधिकारियों की कमी है ? यदि हां, तो इन पदों को भरने के लिए खेल विभाग क्या कार्यवाही कर रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में जिला कीड़ा अधिकारी एवं उपकीड़ा अधिकारियों के कितने पद रिक्त हैं एवं आरक्षित पदों का विवरण क्या है ? | खेल |
| श्री चन्दन राम दास<br>25.06.2013 | 65. | **द्वितीय मंगलवार के अता0 04 में स्थाना0**<br>क या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि तहसील गरूड़ व बागेश्वर तहसील में लम्बे समय से रजिस्ट्रार के पद खाली होने से भूमि की रजिस्टरी व अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं ? यदि हां, तो सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री प्रेम सिंह राणा<br>26.06.2013 | 66. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के ग्राम रनसाली को राजस्व गांव का दर्जा देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेम सिंह राणा<br>26.06.2013 | 67. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के ग्राम ऐचंता, बीही, में निहाई नदी का खुदान जे0सी0बी0 मशीन द्वारा एवं पीचिंक लगाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रेमचन्द अग्रवाल<br>27.06.2013 | 68. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगरीय क्षेत्र की भांति प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी "मौहल्ला स्वच्छता समिति" गठित कर उसके माध्यम से वहां सफाई व्यवस्था कराने हेतु सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | पंचायती राज |
| श्री चन्दन राम दास<br>27.06.2013 | 69. **स्थगित।**<br>क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2012–13 व 2013–14 की जिला योजना में बागेश्वर जनपद का परिव्यय कितना था तथा स्वीकृत परिव्यय के अनुपात में अब तक कितनी धनराशि अवमुक्त हुई है तथा अवमुक्त धनराशि में से विकास खण्डवार अवमुक्त धनराशि का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड गरूड़ में धनराशि आवंटन न करने का क्या कारण है ? | ग्राम्य विकास |
| श्री अरविन्द पाण्डे<br>03.07.2013 | 70. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र गदरपुर में बैरा जलाशय और हरपुरा जलाशय के अन्दर काफी सिल्ट मिट्टी इकठ्ठा हो गई है ? क्या सरकार उस मिट्टी को हटाने का प्रबन्ध कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री हरबंस कपूर<br>08.07.2013 | 71. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देरहादून महानगर क्षेत्र में स्थित बिंदाल नदी एवं रिस्पना नदी के तटों पर नियोजित योजना के अन्तर्गत बाढ़ से सरकार सुरक्षा हेतु दीवार बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>08.07.2013 | 72. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल में बाढ़ सुरक्षा हेतु क्या क्या और कहां कहां कार्य किये गये हैं ? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में पड़ने वाले गंगातट की कृषि भूमि व बस्तियों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु मजबूत गंगा तटबन्ध बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>09.07.2013 | 73. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में कुल कितनी सहकारी कृषि संसाधन समितियों का गठन किया गया है तथा इनमें से कितनी डिफाल्टर है ? क्या सरकार डिफाल्टर समितियों का संचालन सुचारू रूप से चलायेगी तथा प्रति समिति सचिवों की नियुक्ति भी करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>10.07.2013 | 74. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 16, 17 जून, को हुई अतिवृष्टि से विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के परोड़ी, सिंजल, पापरा मल्ला व थत्यूड़ बाजार आदि आपदाग्रस्त गांव को सरकार विस्थापित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>12.07.2013 | 75. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिलाधिकारी अल्मोड़ा द्वारा अपने पत्र संख्या 9368/नौ–आर0ए0/2011–12 दिनांक 07.07.2012 में सल्ट तहसील का नाम "खुमाड़ सल्ट" किये जाने वाले प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो क्या खुमाड़ के वीर सपूतों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में की गई शहादत का सम्मान करते हुए सल्ट तहसील का नाम "खुमाड़ सल्ट" करायेगी ? यदि हां, तो सल्ट तहसील का नाम खुमाड़ सल्ट कब तक कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री चन्दन राम दास<br>15.07.2013 | 76. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत गरूड़ विकास खण्ड में ग्राम तैलिहाट, माल्दे में गोमती नदी ने अपना काफी मात्रा में कृषि भूमि काट कर अपना रास्ता बदल दिया है ? यदि हां, तो गोमती से सिंचित भूमि एवं गावों को बहने से बचाने के लिए सरकार कोई योजना बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री चन्दन राम दास<br>15.07.2013 | 77. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मनरेगा की धनराशि के आवंटन का कोई निर्धारित मानक है ? यदि हां, तो विगत 3 वर्षों से बागेश्वर जनपद के तीनों विकास खण्डों में ग्रामसभा वार धनराशि किस प्रकार से बांटी गयी है ? क्या सरकार धनराशि सहित विवरण प्रस्तुत करने का कष्ट करेगी ? | ग्राम्य विकास |
| श्री चन्दन राम दास<br>15.07.2013 | 78. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत व सदस्य जिला पंचायत के प्रतिनिधियों को मानदेय देने का प्रावधान है ? यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रदेश में कितनी धनराशि वर्षवार आवंटित की गयी है ? यदि नहीं, तो कब तक मानदेय आवंटन का कार्य किया जायेगा ? | पंचायती राज |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>15.07.2013 | 79. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के बाराकोट उप तहसील को उच्चीकृत कर तहसील का दर्जा देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>15.07.2013 | 80. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के थल माउन्टेश्वरी विद्यालय के पास राम गंगा नदी के कटाव से मकान एवं दुकानों को खतरा बना हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार भूमि कटान को रोकने हेतु तटबन्ध बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री चन्दन राम दास<br>17.07.2013 | 81. **द्वितीय मंगलवार के अता0 03 में स्थाना0**<br>क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्डों में राज्य वित्त आयोग द्वारा धन का आवंटन होता है ? यदि हां, तो विगत 2 वर्षों से विकास खंड गरूड़, बागेश्वर व कपकोट में राज्य वित्त व 13 वें वित्त में कितनी धनराशि आवंटित हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री चन्दन राम दास<br>17.07.2013 | 82. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर जिले में प्रथम सहकारी बैंक बनाने हेतु कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है ? यदि हां, तो अलग जिला सहकारी बैंक का दर्जा कब तक मिल जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>19.07.2013 | 83. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर मालढुंग जलाशय योजना की प्रगति का विवरण क्या है ? | सिंचाई |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>01.08.2013 | 84. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 13.01.2013 को उत्तरायणी मेला बागेश्वर के उदघाटन समारोह के अवसर पर शामा को उप–तहसील बनाये जाने की घोषणा की गई है ? यदि हां, तो घोषणा पर शासनादेश कब तक जारी होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>05.08.2013 | 85. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वर्तमान में किसी संस्था या ट्रस्ट को भूमि दान में देने पर रजिस्ट्री कराने हेतु शासन स्तर से अनुमति लेने की वर्तमान व्यवस्था से काफी परेशानी के साथ साथ काफी समय लगता है ? क्या सरकार दान की जा रही भूमि की रजिस्ट्री की अनुमति शासन स्तर के स्थान पर जिला स्तर पर करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>05.08.2013 | 86. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विकास खण्ड नारसन के अन्तर्गत मनरेगा योजना में प्रत्येक ग्राम पंचायत को 2012–13 में कितनी धनराशि प्रदान की गयी तथा तत्संबंधी विवरण क्या है ? | ग्राम्य विकास |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>05.08.2013 | 87. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मनरेगा के अन्तर्गत कितने एन0जी0ओ0 को अनुदान प्रदान किया गया है ? क्या मंत्री जी अनुदान पाने वाली एन0जी0ओ0 के नाम एवं पता व प्रदान धनराशि का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? | ग्राम्य विकास |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>07.08.2013 | 88. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0–620/2012 से शामा व धरमघर में गैस गोदाम की स्वीकृति की घोषणा की गई है ? यदि हां, तो घोषणा में शासनादेश कब तक होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>08.08.2013 | 89. **स्थगित।**<br>क्या पंचायती राज मंत्री अवगत हैं कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 615/2012 द्वारा जनपद बागेश्वर के चौड़ास्थल एवं कांडा में ब्लॉकों के सृजन हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने की घोषणा की है ? यदि हां, तो उक्त प्रस्तावों में प्रगति हुई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>08.08.2013 | 90. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 616/2012 के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के दैवीय आपदा जोन (कपकोट) में बाढ़ सुरक्षा कार्यक्रम हेतु धन आवंटित किये जाने की घोषणा की है ? क्या मंत्री यह भी अवगत हैं कि इस वर्ष भी बाढ़ से काफी नुकसान हुआ है ? यदि हां, तो घोषणा के अनुरूप बाढ़ सुरक्षा हेतु धन आवंटित कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>12.08.2013 | 91. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के मंगलौर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय खेल का मैदान बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री भीमलाल आर्य<br>14.08.2013 | 92. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार दैवीय आपदा/त्रासदी 2013 से प्रभावित विधान सभा क्षेत्र घनसाली के बूढ़ाकेदार क्षेत्र की ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं में अवस्थित प्राकृतिक जलाशयों (ताल) महासर ताल, सहस्त्रताल, जरालताल, मज्याडताल आदि की उच्च स्तरीय भू-वैज्ञानिक जांच करायेगी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त तालों/जलाशयों द्वारा भविष्य में भारी प्राकृतिक त्रासदी न हो, इसके लिए सरकार सुरक्षा प्रबन्धन, सम्बर्द्धन पर कार्य करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री भीमलाल आर्य<br>14.08.2013 | 93. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दैवीय आपदा/त्रासदी 2013 से प्रभावित विधान सभा क्षेत्र घनसाली के आपदा क्षेत्र आरगढ़ गाड, बालगंगा, धर्मगंगा, कोन्तीगाड, नैलचामी गाड़, पौखाल गाड़, सेन्टुल बाल गंगा, जगदी गाड़, कोठी जाख गाड़ व गोनगढ़ गाड़ से भारी तबाही की रोकथाम हेतु सरकार बाढ़ नियंत्रण सुरक्षा कार्य यथाशीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>16.08.2013 | 94. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के सुदूरवर्ती क्षेत्र मल्ला दानपुर मे वर्तमान मानकों में संशोधन कर अतिरिक्त राशन के लिए सरकार द्वारा कोई नई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो कब तक योजना लागू की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>16.08.2013 | 95. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर में विभाग में सृजित आपूर्ति निरीक्षक के पदों के सापेक्ष कर्मचारी नियुक्त नहीं हैं व जनपद बागेश्वर आपदाग्रस्त व जोन 5 के अन्तर्गत आता है ? यदि हां, तो रिक्त पदों पर कर्मचारी कब तक नियुक्त किये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री भीमलाल आर्य<br>16.08.2013 | 96. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में नैलचामी नदी का नहरीकरण व घनसाली संगम पर आस्थापथ निर्माण का प्राकलन सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया था तथा उस पर वित्तीय स्वीकृति मिल गई है ? यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री मालचंद<br>16.08.2013 | 97. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला में खाले, नाले, गदेरों द्वारा भी कास्तकारों के खेतों का काफी कटाव हुआ है जिससे क्षेत्र में कास्तकारों की उपजाऊ भूमि बह गयी ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त क्षेत्रों का सर्वे करवाकर कास्तकारों को मुआवजा देने एवं खाली भूमि देने पर विचार करेगी ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>19.08.2013 | 98. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में पी0एम0जी0एस0वाई0 के तहत कितने मोटर मार्गो का निर्माण कार्य किया गया है तथा कितने निर्माणाधीन हैं ? (मोटर मार्ग का नाम व कार्य तथा वित्तीय स्थिति) क्या है ? क्या सरकार निविदा सहित मानकों व गुणवत्ता की स्थलीय उच्चस्तरीय जांच करवाकर, दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री चन्द्रशेखर<br>20.08.2013 | 99. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खेड़ीसीकोहपुर का मजरा गांजामजरा की जनता उक्त गावों को राजस्व ग्राम घोषित कर अलग ग्राम पंचायत बनाने की मांग कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम गांजामजरा को राजस्व ग्राम घोषित कर ग्राम पंचायत बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री भीमलाल आर्य<br>20.08.2013 | 100. क्या ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत विभाग द्वारा कराये जा रहे कितने निर्माण कार्य गतिमान हैं ? (कार्य का नाम व वित्तीय स्थिति व निविदा) क्या सरकार मानकों व गुणवत्ता की उच्चस्तरीय/स्थलीय जांच कर दोषियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्रामीण अभियन्त्रण |

## नत्थी "घ"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 17 सितम्बर,2013 की बैठक में दिनांक 18 सितम्बर, 2013 से दिनांक 20 सितम्बर, 2013 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-**

**सितम्बर, 2013**

| | | |
|---|---|---|
| 18 | बुधवार | (1) औपचारिक कार्य। |
| | | (2) आध्यादेशों का सदन के पटल पर रखा जाना। |
| 19 | गुरुवार | (1) अनुदानवार अनुपूरक मांगों का प्रस्तुतीकरण। **(अपराह्न 4.00बजे)** |
| | | (2) अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान। |
| 20 | शुक्रवार | (1) विधायी कार्य (आधा दिवस) । |
| | | (2) असरकारी कार्य (आधा दिवस)। |

**निम्नलिखित असरकारी संकल्पों का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:-**

1. श्री मदन कौशिक,

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य में आवश्यकता के अनुसार बिना किसी भेदभाव के समान रूप से योजनायें बनाकर विकास किया जाये।" **(15 मिनट)**

2. श्री हरबंस कपूर

" इस सदन का सुनिश्चित मत है कि देश में स्वशासन को वास्तविकता प्रदान करने में पंचायती राज व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान है।

और, चूंकि शहरी क्षेत्र स्थानीय निकायों का गठन इस व्यवस्था को शहरों में मूर्तरूप देने के लिए किया गया है,

और, चूंकि संविधान के भाग IX-(A)- 'नगर निकाय' के अन्तर्गत इन्हें संवैधानिक दर्जा प्राप्त है,

और, चूंकि नगर निकायों की निधि तथा कर आदि संबंधी प्राविधान संविधान के अनुच्छेद 243(X) के अन्तर्गत राज्य विधान मण्डल द्वारा विधि बनाकर उपबन्धित किया जाता है,

और, चूंकि नगर निकायों के कार्यक्षेत्र में आधुनिक समय की आवश्यकताओं को देखते हुए कार्य को सुगम बनाने के लिए कतिपय सुविधाएं प्रदान करना आवश्यक है।

अतएव यह सदन संकल्प करता है कि स्थानीय नगर निकायों के सदस्यों को ग्राम पंचायत सदस्यों की भांति अपने कार्य के प्रभावी कुशल तथा यथोपेक्षित निष्पादन के लिए मानदेय, यात्रा भत्ता, संचार भत्ता, सचिवीय भत्ता आदि सुविधाएं प्रदान करने हेतु संबंधित अधिनियमों में यथावश्यक संशोधन किया जाय।" **(15 मिनट)**

3. श्री बिशन सिंह चुफाल, "यह सदन संस्तुति करता है कि प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओ से लगे जनपदों में स्थानीय लोगों के पलायन को रोकने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध किये जाने के लिए अलग से सीमान्त क्षेत्र विकास योजनाएं बनाई जाये।" **(15 मिनट)**

4. श्री भीमलाल आर्य " यह सदन संस्तुति करता है कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत टिहरी बांध परियोजना से प्रभावित असेना के 16 अनुसूचित जाति परिवारों को पुनर्वास/विस्थापन के आवासीय भूखण्ड एवं 48 अनुसूचित जाति के परिवारों को कृषि भूखण्ड यथाशीघ्र आवंटित किये जाये। " **(15 मिनट)**

<u>विगत सत्र के असरकारी संकल्प</u>

1. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा। **(15 मिनट)**

"इस माननीय सदन की सर्व सम्मत राय है कि राज्य सरकार द्वारा जनपद चमोली के अन्तर्गत गैरसैंण (चन्द्रनगर) में उत्तराखण्ड विधान सभा का ग्रीष्मकालीन सत्र प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने के निर्णय के दृष्टिगत प्रदेश की वर्तमान अस्थाई राजधानी देहरादून को राजधानी क्षेत्र की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण होने के आधार पर स्थाई राजधानी घोषित किया जाय।"

2. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा। **(15 मिनट)**

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में घरेलू गैस की आपूर्ति में आ रही कठनाई के कारण प्रदेश की जनता को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए एक पारदर्शी नीति बनाई जाय।"

<u>विगत सत्र के नियम-105 के प्रस्ताव</u>

1. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा। **(15 मिनट)**

"यह माननीय सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य को ग्रीन बोनस दिया जाय।"

2. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम- 105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा। **(15 मिनट)**

"यह माननीय सदन रेल मंत्रालय केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य जनपद देहरादून के धर्मावाला नामक स्थान को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के निकटतम स्थान तक सीधे रेल मार्ग से जोड़ने के लिए एक नये रेल मार्ग की स्वीकृति दी जाय।"

3. श्री हरिदास, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम- 105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा । **(15 मिनट)**

"उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को संविधान में प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत बैकलाग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरम्भ करने हेतु तत्काल अधिनियम बनाकर पारित किया जाय।"

**विगत सत्र की नियम-54 की सूचना**

1. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा। **(15 मिनट)**

"प्रदेश में ऊर्जा की कमी को देखते हुए राज्य में ऊर्जा आधारित विकास की सम्भावनाओं पर विचार हेतु एक समिति बनायी जाय जो सरकार को एक निश्चित समय में अपनी रिर्पोट प्रस्तुत करेगी।"

2. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा। **(15 मिनट)**

"जनपद देहरादून के पछवादून क्षेत्र की नदियों में चुगान का कार्य जो गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा वन विकास निगम द्वारा किया जा रहा था, के तीन वर्षो से पूर्णतया बन्द होने के कारण निर्माण सामग्री की लागत बढ़ जाने, सरकारी निर्माण कार्य बाधित होने तथा राजस्व की हानि होने के संबंध में।"

3. श्री हेमेश खर्कवाल, श्री मयूख महर एवं श्री गणेश गोदियाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा। **(15 मिनट)**

"वनों को संरक्षित करना एवं सस्ते गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराना जनहित में अति आवश्यक है।"

4. श्री हरीश धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा। **(15 मिनट)**

"विधान सभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत कम ऊँचाई के क्षेत्र में मृग विहार बनने से ठप्प हो रहे विकास कार्य के दृष्टिगत मृग विहार बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाय"